**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 13 सितंबर -- 2026 समय 1305 (05 मिनट)**

ब्रिक्स नेताओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में अप्रैल 2025 में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। नई दिल्ली घोषणा-पत्र में आतंकवाद के विरुद्ध, कतई बर्दाश्त न करने की नीति, अपनाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है। घोषणा-पत्र में कहा गया है कि आतंकवाद का कोई भी रूप आपराधिक और अनुचित है, चाहे उसकी वजह कुछ भी हो और उन्हें अंजाम देने वाला कोई भी हो। घोषणा-पत्र में आतंकवादियों की सीमा-पार से आवाजाही, आतंकवाद को आर्थिक मदद और आतंकवादियों को सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने के विरुद्ध कार्रवाई का आह्वान किया गया है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित सभी आतंकवादियों तथा आतंकी संगठनों के विरुद्ध मिलकर कार्रवाई करने का आग्रह किया है। संयुक्त घोषणा में पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव पर भी गहरी चिंता व्यक्त की गई है। इसमें सभी पक्षों से संयम बरतने और ऐसी कार्रवाइयों से बचने का आह्वान किया गया है।

..........................................................................................

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।लोक अदालत के लिए गठित 14 पीठों ने मुकदमा-पूर्व मामलों, लंबित मामलों और यातायात चालानों सहित कुल 30,145 मामलों का निपटारा किया। इन मामलों में कुल 18 करोड़ 48 लाख 13 हजार 828 रुपए की राशि का समझौता हुआ।

इसके अतिरिक्त, नियमित पीठों और स्थायी लोक अदालत (जन उपयोगी सेवाएं) द्वारा 16 लाख 38 हजार 342 रुपए की राशि से संबंधित 20 हजार 230 मुकदमा-पूर्व मामलों का निपटारा किया गया। राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोग, चंडीगढ़ ने 425 करोड़ 76 लाख 94 हज़ार 574 रुपए की राशि से संबंधित 62 मामलों का निपटारा किया, जबकि ऋण वसूली अधिकरण-द्वितीय ने 7 करोड़ 79 लााख रुपए की राशि से संबंधित 10 मामलों का निपटारा किया।

..................................................................

कैथल में कल आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में  13 हजार 260 मामलों का आपसी सहमति और सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा किया गया। इन मामलों से संबंधित नौ करोड़ 30 लाख 97 हजार 907 रुपये की राशि का भी निपटान हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार ने बताया कि लोक अदालत में 26 हजार 842 लंबित मामले सुनवाई के लिए रखे गए थे।

..................................................................

जींद  जिला मुख्यालय न्यायिक परिसर में कल लगाई गई राष्ट्रीय लोक अदालत में 15 हजार 797 मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। इन मामलों में कुल 7 करोड़ 14 लाख 76 हजार 708 रुपये की राशि का समाधान हुआ।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती जसबीर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में  कुल 17 हजार 558 मामले रखे गए थे। इसके अतिरिक्त, ई-लोक अदालत के माध्यम से 10 दीवानी मामलों  तथा परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138  के 6 मामलों का भी निपटारा किया गया। ई-लोक अदालत के माध्यम से कुल 86 लाख 18 हज़ार 402 रुपए की राशि प्राप्त हुई।

..................................................................

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कल कुरुक्षेत्र के गांव कलाल माजरा में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयोजित आयुष ग्राम शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने आयुष विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम के दौरान राजकीय विद्यालय कलाल माजरा के विद्यार्थियों ने योग का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पे श्रीमति सुमन सैनी ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी कुंजन, जसप्रीत व आयुष को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कुल 317 लाभार्थियों को आयुष स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क प्रदान की गई। इनमें 206 आयुर्वेदिक ओपीडी, 103 होम्योपैथिक ओपीडी तथा 8 अग्निकर्म चिकित्सा के लाभार्थी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 50 लोगों की ब्लड शुगर जांच, 72 लोगों का प्रकृति परीक्षण तथा 49 लोगों को रोगानुसार योगाभ्यास करवाया गया।

उन्होंने गुरुद्वारा साहिब के परिसर में पौधारोपण किया। ग्रामीणों को 200 औषधीय पौधे भी निःशुल्क वितरित किए गए।

****************************************************************
****